भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4164

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

जम्मू और कश्मीर में राजमार्ग परियोजनाएं

4164. श्री हसनैन मसूदीः

श्री जुगल किशोर शर्माः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जम्मू और कश्मीर (जे॰ एंड के॰) में राजमार्गों की क्षमता बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार केन्द्रीय सड़क निधि में जे॰ एंड के॰ का कोटा बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) जम्मू और कश्मीर में विभिन्न परियोजनाओं जैसे कापरान-देसा-डोडा सुरंग, मुगल रोड सुरंग, काजीगुंड-बनिहाल सुरंग, पहलगाम-पनिखर सड़क, कुलगाम-गुलाबगढ़ सड़क, त्राल से पहलगाम सड़क, शरी-ए-शाली-त्राल सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) इन परियोजनाओं के लिए परियोजना-वार कितनी निधि आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई; और

(ङ) इन परियोजनाओं के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) की क्षमता बढ़ाने के लिए, सरकार ने 1,554 किलोमीटर की समग्र लंबाई में सत्रह प्रमुख सड़क विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): केंद्रीय सड़क निधि अधिनियम, 2000 वित्त अधिनियम, 2018 के अनुरूप पहली अप्रैल, 2018 से केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि अधिनियम, 2000 के रूप में संशोधित किया गया है।

(ग) से (ङ): भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एनएच -44 पर शुरू की गई काजीगुंड-बनिहाल सुरंग परियोजना की प्रगति परियोजना के लिए आवंटित धनराशि 2,648 करोड़ रू के विरुद्ध 75.24% है और इसके पूरा होने की निर्धारित तिथि जुलाई, 2020 है।

जम्मू और कश्मीर राज्य में 3.23 करोड़ रुपये की लागत से मुग़ल रोड सुरंग सहित शोपियां से बफ़लियाज़ (पुंछ जिले में) को जोड़ने वाली मुग़ल रोड को दो लेन बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य प्रगति पर है और इसके पूरा होने की निर्धारित तिथि जनवरी, 2020 है।

यह राज्य सड़क डीपीआर के परिणाम के अधीन "सिद्धांतः" रारा के रूप में स्वीकृत है।

शेष पाँच खंड जैसे कापरान-देसा-डोडा सुरंग, पहलगाम-पनिखर सड़क, कुलगाम-गुलाबगढ़ सड़क, त्राल से पहलगाम सड़क, शरी-ए-शाली-त्राल सड़क न तो अधिसूचित रारा और न ही "सिद्धांतः" रारा के हिस्सा हैं, इसलिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

अनुलग्नक

'जम्मू और कश्मीर में राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री हसनैन मसूदी और श्री जुगल किशोर शर्मा द्वारा दिनांक 18.07.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 4164 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क.सं.	परियोजना का ब्यौरा	लंबाई (किमी)	वर्तमान स्थिति	एजेंसी
1	जम्मू शहर के चारों ओर रिंग रोड का निर्माण	58.26	प्रगति में	एनएचएआई
2	रारा-44 पर जम्मू बाईपास (किमी 0.00 से किमी 15.00) का निर्माण	15.00	पूरी की गई	एनएचएआई
3	रारा-44ए पर रारा-1ए (किमी 15 से किमी 67) के जामू-उधमपुर खंड को 4 लेन का बनाना	64.58	पूरी की गई	एनएचएआई
4	रारा-44 पर उधमपुर-रामबन सड़क (किमी 67 से 89,130 से 151) को 4 का बनाना	40.07	प्रगति में	एनएचएआई
5	रारा-44 पर रारा-1ए (किमी 89 से 130) (सुरंग परियोजना 9 किमी लंबी सुरंग-2 लेन) के चैन्ने-नाशरी खंड को 4 लेन का बनाना	10.89	पूरी की गई	एनएचएआई
6	रारा-44 पर रामबन-बनीहल सड़क (किमी 151 से किमी 187) को चार लेन का बनाना	32.10	प्रगति में	एनएचएआई
7	रारा-44 पर रारा-1ए (किमी 187 से 189.350 व 220.7 से 286.11) के श्रीनगर बनीहल खंड को 4 लेन का बनाना	67.76	प्रगति में	एनएचएआई
8	रारा-44 पर रारा-1ए (किमी 189.35 से किमी 204.7) (सुरंग परियोजना किमी 8.45 और किमी 0.69 लंबाई, 2 लेन) के काजीगंड-बनीहल खंड को 4 लेन का बनाना	15.25	प्रगति में	एनएचएआई
9	रारा-44 पर लखनपुर से हिरानगर (किमी 16.35 से किमी 50.00) को 4 लेन का बनाना	33.65	पूरी की गई	एनएचएआई
10	रारा-44 पर हिरानगर से विजयपुर (किमी 50.00 से किमी 80.00) को 4 लेन का बनाना	30.00	पूरी की गई	एनएचएआई
11	रारा-44 पर विजयपुर से कुंजवनी (किमी 80 से किमी 97.20) को 4 लेन का बनाना	17.20	काफी हद तक पूरी की गई	एनएचएआई
12	रारा-144ए पर जम्मू-अंकुर को 4 लेन का बनाना और अंकुर पूंछ को पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन का बनाना	246	जम्मू-अखनूर खंड: प्रगति में। अखनूर-पूंछ खंड डीपीआर स्तर पर	एनएचआईडीसीएल बीआरओ
13	रारा-244 पर चैन्ने-सूधमहादेव-गोहा को पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन का बनाना	274	प्रगति में	एनएचआईडीसीएल
14	रारा-3 पर लाचुलूंगा व तंगलंग पास पर सुरंगों का निर्माण		डीपीआर स्तर पर	एनएचआईडीसीएल
15	रारा-244 पर बटोटे-किस्तवार-सिंथापास पर दो लेन सड़क का निर्माण	265	डीपीआर स्तर पर	एनएचआईडीसीएल
16	रारा-301 पर कारगील 5 जनस्कर को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन का बनाना	234	9 पुल प्रगति में	राज्य लोक निर्माण विभाग
17	रारा-444 पर श्रीनगर -सूपीयान-काजीगंड को पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन का बनाना	150	कार्य निविदा स्तर पर	राज्य लोक निर्माण विभाग

*****